पंजाब केसरी 09-11-2023



परीक्षा देते कालेज के विद्यार्थी व प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को बधाई देते कालेज प्राचार्य।

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छाए जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थी

अम्बाला, 8 नवम्बर (कोचर): पुलिस डी.ए.वी. स्कूल में सड़क सुरक्षा विषय पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक, डा. एस.एस. नैन को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डा. एस.एस. नैन ने बताया कि शहर के पुलिस डी.ए.वी. स्कूल में जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कालेज के एम.ए पॉलिटिकल साइंस के प्रथम वर्ष के छात्र धर्मेंद्र कुमार व लवकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों को एस.पी. एवं डी.एस.पी. अंबाला द्वारा सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि इन विद्यार्थियों का चयन पहले कालेज लेवल, उसके बाद ब्लॉक लेवल पर किया गया था। ब्लॉक लेवल का आयोजन एस.डी. कालेज अंबाला कैंट में करवाया गया था, जिसमें इन विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर जिला लेवल पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए अपना चयन करवाया था।

अंत में डा. एस.एस नैन ने बताया कि इन विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए भी अपना चयन करवाया है।

इस मौके पर डा. राकेश कुमार, डा. सुरेंद्र कुंडू भी मौजूद रहे।